आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

31.03.2024 समय : 1850

- अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया है।
- पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव के दौरान गडबडी फैलाने वाले और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी निगरानी रखी जा रही है।
- अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में लोक सभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की ओर से प्रचार अभियान में तेज़ी लाई जा रही है।
- आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए द्वीपसमूह में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई प्रकार की स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है।
- आज पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अण्डमान के कुछ भागों में मूसलाधार वर्षा हुई।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया है। कल अण्डमान निकोबार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित करने के लिए बैठक बुलाई। उन्होंने सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रकिया की जानकारी दी। इस अवसर पर समान्य पर्यवेक्षक बी. एन. सिंह और पुलिस पर्यवेक्षक जोसफ लोक्कु भी उपस्थित थे। माक्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी के उम्मीदवार डी. अय्यपन को हसिया मारतूल और तारा चुनाव चिन्ह आवंटिंत किया गया, जबकि बहुजन समाज पार्टी के डॉ. अरूण कुमार मलिक को हाथी, भारतीय राष्ट्रीय कॉग्रेस के कुलदीप राय शर्मा को हाथ चुनाव चिन्ह, भारतीय जनता पार्टी के बिष्णु पद रे को कमल चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया। मनोज पाल को नारियल फार्म, सलामत मण्डल को बैटरी टॉर्च, अखिल भारतीय अन्ना डी. एम. के. के, के.जे.बी. सेल्वाराज को दो पत्ता, बी.के. अब्दुल अज़ीज को चक्की, आनन्द रामनाथ अरलेकर को गैस सिलेंण्डर, ऊषारानी को बासुरी, रिन्कू माला मण्डल को कैमरा और के. वेंकट राम बाबू को ऑटों रिक्शा चुनाव चिन्ह दिया गया।

<><><><><><><>

पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव के दौरान गडबडी फैलाने वाले और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी निगरानी रखी जा रही है। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की ओर से हर जगह गश्त भी बढ़ाई गई है और जगह–जगह बैरिकेटिंग कर जांच भी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी दुनिया की पहली नज़र है, ताकि किसी भी प्रकार की अफ़वाह या गलत जानकारियां सोशल मीडिया पर अपलोड की जाती है, तो उस पर कार्रवाई की जा सकें।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में लोक सभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की ओर से प्रचार अभियान में तेज़ी लाई जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बिष्णु पद रे मध्योत्तर अण्डमान में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। बाराटांग और कदमतला के बाद आज उन्होंने निम्बूतला जेट्टी, निम्बूतला बाजार, पंचवटी के बाद बिल्लीग्राउंड क्षेत्र में नुक्कड़ सभाओं और संपर्क सभाओं के माध्यम से मतदाताओं से बातचीत कर रहे है और उनसे मतदान करने का अनुरोध भी कर रहे है। भारतीय राष्ट्रीय कॉग्रेस के उम्मीदवार कुलदीप राय शर्मा ने कल

हैडो क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। आज सुबह उन्होंने स्वराजद्वीप में लोगों से मुलाकात की और वहां से लौटनें के बाद वे आज दक्षिण अण्डमान के विभिन्न भागों का दौरा कर मतदाताओं से वोट डालने की अपील कर रहे है। अन्य पार्टियों के उम्मीदवार और निर्दलीय उम्मीदवारों की ओर से भी प्रचार अभियान चलाया जा रहा है।

<><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए द्वीपसमूह में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई प्रकार की स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। आज मध्योत्तर अण्डमान ज़िला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मत्स्य विभाग के सहयोग से मायाबंदर के मछुआरा समुदाय के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जर्मन जेट्टी से मायाबंदर जेट्टी होते हुए, फिशरिस कॉलोनी तक डिंगी में जागरूकता अभियान आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी और उपायुक्त दिलखुश मीणा ने मछुआरा समुदाय से अपील की कि वे बड़ी संख्या में आकर उन्नीस अप्रैल को मतदान अवश्य करे, साथ ही अपने परिवार के सदस्यों, मित्रों, रिश्तेदारों आदि को भी अवश्य मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मायाबंदर के मछुआरा समुदाय को प्रोत्साहित करना था, ताकि ज़िले में इस बार के चुनाव में पचहत्तर प्रतिशत से अधिक मतदान हो सके। कार्यक्रम में ज़िला पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खण्डेलवाल, उप–पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ. चन्द्र प्रकाश मीणा, चुनाव से जुड़े अधिकारी और जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भी भाग लिया।

<><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। डिगलीपुर संभाग में मतदान कर्मियों के लिए दूसरे चरण का प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। आर.के.ग्राम में विवेकानन्द केन्द्र जिला परिषद विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सैक्टर और पीठासीन अधिकारियों के अलावा पहले दूसरे और मतदान सहायकों ने भाग लिया। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी आदित्य कुमार अस्थाना ने चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों की स्वतंत्र, निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण चुनाव कराने में उनकी ज़िम्मेवारी और भूमिका पर प्रकाश डाला। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर सोम नायडू ने चुनाव ड्यूटी में तैनात पीठासीन अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शान्तिपूर्ण चुनाव कराने में इन अधिकारियों की विशेष भूमिका होती है। इस अवसर पर ई.वी.एम. और वी.वी. पेड के इस्तेमाल का भी निदर्शन किया गया।

<><><><><><>

आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए मध्योत्तर अण्डमान पुलिस ने केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ मिलकर मतदाताओं के बीच आत्म विश्वास बढ़ाने और सुरक्षा की दृष्टि से एरिया डोमिनेशन फ्लैग मार्च किया। इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में कानून बनाए रखने, गैर–कानूनी गतिविधियों को रोकने, सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सतर्कता बढ़ाने के लिए किया गया।

<><><><><><>

ईस्टर का पर्व आज पूरी दुनिया में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। मान्यता है कि क्रूस पर चढ़ाए जाने के बाद प्रभु यीशु आज के ही दिन पुनर्जीवित हो गए थे। कल रात देश के विभिन्न गिरजाघरों में मध्य रात्रि ईस्टर प्रार्थना आयोजित की गई। इस उत्सव को नई शुरुआत और वसंत के आगमन के प्रतीक रूप में भी देखा जाता है।

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में भी आज विभिन्न गिरीजा घरों में प्रार्थना सभाए ंआयोजित हुई ।

<><><><><><><>

आज पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अण्डमान के कुछ भागों में मूसलाधार वर्षा हुई। आज सुबह वायु सेना केन्द्र कार–निकोबार में एक दशमलव दो मिलीलीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में सोमवार और मंगलवार को वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><><>